उत्तर प्रदेश शासन
परिवहन अनुभाग-4
संख्या- 48/2018/1700/तीस-4-2018-11(एम)/2015
लखनऊ : दिनांकः 16 नवम्बर, 2018

अधिसूचना

मोटरयान अधिनियम, 1988 (अधिनियम संख्या 59 सन् 1988) की धारा 88 की उपधारा (5) के उपबन्धों के अनुसरण में उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तराखण्ड सरकार के मध्य किये जाने वाले प्रस्तावित करार का प्रारूप, अभ्यावेदन आमंत्रित किये जाने की दृष्टि से सरकारी अधिसूचना संख्या-2/2018/43/तीस-4-2018-11(एम)/2015, दिनांक 22.01.2018 द्वारा उत्तर प्रदेश के गजट में और करार द्वारा आच्छादित होने वाले प्रस्तावित क्षेत्र या मार्ग में परिचालित प्रादेशिक भाषाओं के विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था,

और चूंकि, प्रस्तावित करार के सम्बन्ध में इस प्रकार प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचार कर लिया गया है;

और चूंकि, उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तराखण्ड सरकार के मध्य करार किया जा चुका है;

अतएव, अब, उक्त अधिनियम की धारा 88 की उपधारा (6) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल उक्त करार निम्नानुसार प्रकाशित करते हैं :-

आज्ञा से,

(आराधना शुक्ला)
प्रमुख सचिव।

संख्या-48/2018/1700(1)/तीस-4-2018-11(एम)/2015, तददिनांक।

प्रतिलिपि निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, (विज्ञापन प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ को अधिसूचना की अंग्रेजी प्रति संलग्न कर इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया इस अधिसूचना को प्रदेश के 02 दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराते हुए उनकी प्रतियां शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(जिन्नूरैन अहमद खाँ)
विशेष सचिव।

संख्या-48/2018/1700(2)/तीस-4-2018-11(एम)/2015, तददिनांक।

प्रतिलिपि संयुक्त निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उत्तर प्रदेश, राजकीय मुद्रणालय, ऐशबाग, लखनऊ को अधिसूचना की अंग्रेजी प्रति सहित इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त अधिसूचना को दिनांक 16 नवम्बर, 2018 के असाधारण गजट के परिशिष्ट, भाग-4, खण्ड (क) (सामान्य परिनियम नियम) में प्रकाशित करवाने तथा प्रकाशित अधिसूचना की 100 प्रतियॉ परिवहन अनुभाग-4, कक्ष संख्या-320, बापू भवन, उत्तर प्रदेश सचिवालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(रामाश्रय प्रसाद)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

संख्या- 48/2018/1700(3)/तीस-4-2018-11(एम)/2015, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वह कृपया निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग से सम्पर्क स्थापित कर उक्त अधिसूचना को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने हेतु किसी भिज्ञ अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करें।
2- समस्त संभागीय परिवहन अधिकारी/सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, उत्तर प्रदेश (द्वारा परिवहन आयुक्त)।
3- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश (द्वारा परिवहन आयुक्त)।
4- सचिव, भारत सरकार, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, परिवहन भवन, 1-संसद मार्ग, नई दिल्ली।
5- अध्यक्ष, स्टेट ट्रासंपोर्ट अपीलेट ट्रिब्यूनल, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6- विधायी अनुभाग-1
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(रामाश्रय प्रसाद)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

उत्तराखण्ड व उत्तर प्रदेश के मध्य पारस्परिक परिवहन समझौता
(मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 88(6) के अन्तर्गत)

यह करार आज दिनांक 29 अक्टूबर, 2018 को सचिव, परिवहन विभाग, उत्तराखण्ड सरकार के माध्यम से उत्तराखण्ड के राज्यपाल (जिन्हें आगे "उत्तराखण्ड सरकार" कहा गया है जिस अभिव्यक्ति में उनके पदासीन उत्तराधिकारी भी सम्मिलित हैं) प्रथम पक्ष और प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के माध्यम से उत्तर प्रदेश के राज्यपाल (जिन्हें आगे "उत्तर प्रदेश सरकार" कहा गया है, जिस अभिव्यक्ति में उनके पदासीन उत्तराधिकारी भी सम्मिलित हैं) द्वितीय पक्ष के बीच किया गया है।

चूँकि उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश राज्यों की समीपस्थता और देश के तीव्र आर्थिक विकास को ध्यान में रखते हुए यह समीचीन समझा गया कि उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश राज्यों के बीच यात्रियों और माल के अन्तर्राज्यिक परिवहन को प्रोत्साहित किया जाय और उनके प्रचालन को विनियमित, समन्वित और नियंत्रित किया जाय, इसलिए दोनों राज्यों के बीच पारस्परिक करार करना आवश्यक है।

और चूँकि, उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश राज्यों के बीच उक्त विषय पर हुए समस्त पूर्ववर्ती करारों का अधिक्रमण करके समान्यतया लोकहित में नया पारस्परिक करार एतद्पश्चात उपसंजात होने वाले निबंधनों, एवं शर्तों पर करना आवश्यक है।

उपर्युक्त पक्षकारों द्वारा और उनके मध्य अब पारस्परिक रूप से निम्नलिखित करार किया जाता हैः

1. यह करार सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रवृत्त होगा।

2. अस्थायी परमिट जारी किये जाने की सामान्य सहमति

मोटरयान अधिनियम, 1988 (जिसे आगे "अधिनियम" कहा गया है) की धारा 88(7) में प्रावधानित है कि धारा 88(1) में समाविष्ट किसी बात के होते हुए भी एक संभाग का संभागीय परिवहन प्राधिकरण धारा 87 के अन्तर्गत अस्थायी अनुज्ञा पत्र, जो दूसरे संभाग या राज्य में विधिमान्य होगा, उस संभाग के संभागीय परिवहन प्राधिकरण या उस राज्य के राज्य परिवहन प्राधिकरण, जैसा मामला हो, की सहमति से सामान्यतया या विशिष्ट अवसरों के लिए जारी कर सकेगा। अधिनियम के इस विशिष्ट उपबन्ध को ध्यान में रखते हुए यह करार पाया गया कि दोनों राज्यों के संभागीय/राज्य परिवहन प्राधिकरण इस करार के खण्ड 4, 6 व 11 के उपबन्धों के अधीन आवश्यकतानुसार अधिनियम की धारा 88(1) के अधीन प्रतिहस्ताक्षर की अपेक्षा किये बिना मालयान और ठेका गाड़ियों के लिए अस्थायी अनुज्ञा पत्र जारी कर सकेंगे।

3. मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 79 के अधीन पांच वर्ष का मालयान अनुज्ञा पत्र

(एक) यह करार पाया गया कि राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी मालयान परमिट राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड के प्रतिहस्ताक्षर के अध्यधीन सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में वैध

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

होंगे तथा इसी प्रकार राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा जारी परमिट राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश के प्रतिहस्ताक्षर के अध्यधीन सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में वैध होंगे। सम्बन्धित राज्य/संभागीय परिवहन प्राधिकरण की संस्तुति पर इन परमिटों का प्रतिहस्ताक्षर दूसरे राज्य के परिवहन प्राधिकरण द्वारा किया जायेगा।

(दो) प्रतिहस्ताक्षरित परमिट के आधार पर संचालित मालयान का उपयोग करारकर्ता राज्य के क्षेत्र के भीतर किन्हीं दो बिन्दुओं पर माल लादने और उतारने के लिए नहीं किया जाएगा अर्थात ऐसे यान, करारकर्ता राज्य के क्षेत्र के भीतर अनन्य रूप से परिवहन कारोबार किये जाने से प्रतिषिद्ध होंगे और ऐसी शर्तों के अध्यधीन होंगे जैसा सम्बन्धित परिवहन प्राधिकरण अधिनियम की धारा 79 व 84 के अन्तर्गत अधिरोपित करना उचित समझे।

4. मालयान (अस्थायी अनुज्ञा पत्र)

(एक) उपरोक्त खण्ड-2 के उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुए दोनों में से एक राज्य द्वारा दूसरे राज्य के क्षेत्र/मार्ग, जैसा परमिट पर विनिर्दिष्ट हो, पर संचालन हेतु अधिनियम की धारा 87 के अनुसार तीस दिन से अनधिक अवधि के लिए विधिमान्य मालयान अस्थायी अनुज्ञा-पत्र, उनकी संख्या पर निर्बन्धन के बिना आवश्यकतानुसार जारी किये जा सकते हैं।

(दो) यह अनुज्ञापत्र निम्न शर्तों के अध्यधीन जारी किये जायेंगेः-

(क) पारस्परिक करारकर्ता राज्य की अधिकारिता के भीतर पूर्णतः स्थित किन्हीं दो बिन्दुओं के बीच कोई माल न तो चढ़ाया जायेगा और न ही उतारा जायेगा अर्थात ऐसे यान अन्य राज्य के राज्य क्षेत्र के भीतर अनन्यतः परिवहन के किसी भी कारोबार पर चलाये जाने के लिए प्रतिषिद्ध रहेंगे।

(ख) प्रचालक किसी अन्य शर्तों का जिन्हें परिवहन प्राधिकारी अधिनियम की धारा 79(2) के अधीन अधिरोपित करना समझे, पालन करेगा।

(ग) अस्थायी परमिट के प्रति करारकर्ता राज्यों का देय कर ई-पेमेन्ट या बैंक ड्राफ्ट जो भारत के किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में भुगतान योग्य है, के माध्यम से किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से भुगतान की दशा में इसके दुरूपयोग एवं किसी अन्य अनुज्ञापत्र के लिए उपयोग की संभावना से बचाव के लिए बैक ड्राफ्ट के पीछे अस्थायी अनुज्ञा पत्र की संख्या का उल्लेख किया जायेगा। अस्थायी अनुज्ञा-पत्र में ई-पेमेन्ट का विवरण अथवा बैंक ड्राफ्ट का नम्बर, दिनांक व धनराशि का विवरण, जैसी भी स्थिति हो, पृष्ठांकित किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट, परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के नाम जो संभागीय परिवहन अधिकारी, जिसके क्षेत्र से वाहन उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी, के मुख्यालय पर भुगतान योग्य हो अथवा परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड के नाम जो देहरादून में भुगतान योग्य हो, जैसी भी स्थिति हो, देय होगा। यान के चालक अथवा प्रभारी व्यक्ति द्वारा आगे की यात्रा प्रारम्भ करने से पहले बैंक ड्राफ्ट कर संग्रह केन्द्रों या सीमा से निकटतम संभागीय परिवहन अधिकारी/सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के कार्यालय में या परिवहन विभाग के मोबाइल प्रवर्तन दल, जो सीमा के नजदीक हो, को दिया जायेगा। यदि कर की धनराशि में कोई अन्तर पाया जाता है, तो उसे नकद में

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

निर्धारित और वसूल किया जायेगा और ऐसी स्थिति में विहित प्रपत्र पर उसकी आवश्यक रसीद तत्काल जारी की जायेगी।

5. मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-74 के अधीन पांच वर्षीय मोटर कैब व मैक्सी कैब अनुज्ञा-पत्र

ठेका गाड़ियों की संख्या पर निर्बन्धन के बिना मोटर कैब व मैक्सी कैब गाड़ियों के अनुज्ञा-पत्रों पर प्रतिहस्ताक्षर, सम्बन्धित संभागीय/राज्य परिवहन प्राधिकारी की सिफारिश पर दूसरे राज्य के परिवहन प्राधिकारी द्वारा परमिट में विनिर्दिष्ट क्षेत्र/मार्गों के लिए किया जायेगा। प्रतिहस्ताक्षर इन शर्तो के अध्यधीन होंगे कि यान दूसरे राज्य के क्षेत्र के भीतर किन्हीं दो बिन्दुओं के मध्य किसी यात्री को न ही चढ़ायेगा और न ही उतारेगा।

6. ठेका गाड़ी अस्थायी अनुज्ञा-पत्र

उपरोक्त खण्ड-2 के अध्यधीन आवश्यकतानुसार एक राज्य के परिवहन प्राधिकारी द्वारा करारकर्ता राज्य में विनिर्दिष्ट टर्मिनलों को जोड़ने वाले विनिर्दिष्ट मार्ग के लिए आवश्यकतानुसार ठेका गाड़ी अस्थायी अनुज्ञा.पत्र जारी किये जा सकेंगे। यद्यपि, यदि किन्हीं कारणवश एक राज्य द्वारा जारी अनुज्ञा पत्र की वैधता दूसरे राज्य के क्षेत्र में समाप्त हो जाती है, तो परिवहन प्राधिकारी, जिसके अधिक्षेत्र में उस समय वाहन हो, से आवश्यक फीस व कर की अदायगी पर नया अस्थायी अनुज्ञा पत्र प्राप्त किया जायेगा।

(एक) ऐसे अनुज्ञापत्र निम्न शर्तों के अध्यधीन होंगेः.

(क) ऐसे अस्थायी अनुज्ञापत्र पन्द्रह दिन से अनधिक अवधि के लिए विधिमान्य होंगे।

(ख) रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र में विनिर्दिष्ट की गई बैठक क्षमता से अधिक यात्रियों को नहीं ले जाया जाएगा और खड़े रहने वाले यात्रियों को अनुज्ञात नहीं किया जाऐगा।

(ग) ठेका गाड़ी एक ही पक्ष द्वारा किराये पर ली जाएगी तथा एकल वापसी यात्रा के लिए उपयोग की जाएगी।

(दो) ऐसे अस्थायी अनुज्ञापत्र में बाहर जाने की तारीख तथा वापसी यात्रा की तारीख स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट की जाएगी। यदि किसी अस्थायी अनुज्ञापत्र पर ठेका गाड़ी को लगाने वाला कतिपय पक्ष अनुज्ञापत्र मंजूर करने के पश्चात वापसी यात्रा का दिनांक बदलवाना चाहता है तो वह ऐसे परिवहन प्राधिकारी से, जिसकी अधिकारिता में उस समय ठेका गाड़ी हो, इस आशय की लिखित अनुज्ञा प्राप्त करेगा।

7. मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-88(8) के अधीन विशेष अनुज्ञा-पत्र

किसी राज्य के परिवहन प्राधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 88(8) के अधीन जारी अनुज्ञा पत्रों की संख्या का निर्बन्धन नहीं होगा। ऐसे अनुज्ञापत्र करारकर्ता राज्य में तीस दिन से अनधिक अवधि के लिए वैध होंगे।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

विशेष अनुज्ञा पत्र के प्रति करारकर्ता राज्यों का देय कर ई-पेमेन्ट या बैंक ड्राफ्ट जो भारत के किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में भुगतान योग्य है, के माध्यम से किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से भुगतान की दशा में इसके दुरूपयोग एवं किसी अन्य अनुज्ञापत्र के लिए उपयोग की संभावना से बचाव के लिए बैक ड्राफ्ट के पीछे अस्थायी अनुज्ञा पत्र की संख्या का उल्लेख किया जायेगा। अस्थायी अनुज्ञा-पत्र में ई-पेमेन्ट का विवरण अथवा बैंक ड्राफ्ट का नम्बर, दिनांक व धनराशि का विवरण, जैसी भी स्थिति हो, पृष्ठांकित किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट, परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के नाम, जो संभागीय परिवहन अधिकारी, जिसके क्षेत्र से वाहन उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी, के मुख्यालय पर भुगतान योग्य हो अथवा परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड के नाम, जो देहरादून में भुगतान योग्य हो, जैसी भी स्थिति हो, देय होगा। यान के चालक अथवा प्रभारी व्यक्ति द्वारा आगे की यात्रा प्रारम्भ करने से पहले बैंक ड्राफ्ट कर संग्रह केन्द्रों या सीमा से निकटतम संभागीय परिवहन अधिकारी/सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के कार्यालय में या परिवहन विभाग के मोबाइल प्रवर्तन दल, जो सीमा के नजदीक हो, को दिया जायेगा। यदि कर की धनराशि में कोई अन्तर पाया जाता है, तो उसे नगद में निर्धारित और वसूल किया जायेगा और ऐसी स्थिति में विहित प्रपत्र पर उसकी आवश्यक रसीद तत्काल जारी की जायेगी।

8. कराधान

(एक) विभिन्न श्रेणी के अनुज्ञा पत्रों पर संचालित विभिन्न प्रकार की वाहनों के संदर्भ में करारकर्ता राज्य के करों का भुगतान सम्बन्धित राज्य के कराधान अधिनियम एवं नियमों के उपबन्धों के अनुसार होगा।

(दो) परन्तु, वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए उपयोग किये जाने वाले यानों से भिन्न सभी प्रकार के मोटरयानों को, जो अनन्यतः एक राज्य के स्वामित्व द्वारा और सरकार के प्रयोजनों के लिए उपयोग किये जाये, करारकर्ता राज्य में उद्ग्रहणीय समस्त करों के भुगतान से छूट प्राप्त होगी।

9. करों के संदाय का ढंग

(एक) अनुज्ञा पत्र जारी करने वाला प्राधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि करारकर्ता राज्य के समस्त कर अग्रिम रूप से ई-भुगतान या डिमान्ड ड्राफ्ट, जो भारत के किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में भुगतान योग्य हो, द्वारा संदत्त कर दिये गये हैं। आगे की यात्रा से पूर्व कर संग्रह केन्द्रों या सीमा से निकटतम संभागीय परिवहन अधिकारी/सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के कार्यालय या परिवहन विभाग के मोबाइल प्रवर्तन दल, जो सीमा से नजदीक हो, पर करारकर्ता राज्य अपने करों की वसूली की अपेक्षा करेगा।

ई-भुगतान या डिमान्ड ड्राफ्ट द्वारा करों के अग्रिम भुगतान की स्थिति में ई-भुगतान का विवरण अथवा प्रत्येक डिमान्ड ड्राफ्ट जिनके द्वारा दूसरे राज्य के करों का भुगतान किया गया हो, की संख्या, दिनांक व धनराशि का विवरण अनुज्ञा पत्र के मुखपृष्ठ पर स्पष्ट रूप से पृष्ठांकित किया जायेगा और उसे परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश, लखनऊ या परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड, देहरादून, जैसी भी स्थिति हो, को भेजा जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

प्रत्येक राज्य का परिवहन प्राधिकारी, ई-पेमेन्ट द्वारा अग्रिम भुगतान न किये जाने की दशा में ऐसा अनुज्ञा पत्र जारी करते समय स्वामी/चालक को आगे की यात्रा प्रारम्भ करने से पहले कर संगह केन्द्रों या सीमा के निकटतम संभागीय परिवहन अधिकारी/सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के कार्यालय या सम्बन्धित परिवहन विभाग के मोबाइल प्रवर्तन दल, जो सीमा से नजदीक हो, को करों के भुगतान हेतु निर्देशित करेगा।

(दो) सभी अस्थायी अनुज्ञा पत्रों और विशेष अनुज्ञा पत्रों की प्रतियां, ई-भुगतान अथवा भारत के किसी निर्धारित राष्ट्रीयकृत बैंक में भुगतान योग्य डिमान्ड ड्राफ्ट का विवरण एवं अन्य सम्बन्धित सूचनायें परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ और/या परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड, देहरादून, जैसी भी स्थिति हो, को मासिक अन्तराल में भेजा जायेगा।

10. मंजिली गाड़ी

मंजिली गाड़ी का संचालन निम्नलिखित रीति से शासित होगाः-

(एक) उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड राज्य के बीच अन्तर्राज्यिक मार्गो पर मंजिली गाड़ियों का संचालन अनुलग्नक "क" "ख" और "ग" में विनिर्दिष्ट विवरण के अनुसार होगा। प्रत्येक राज्य के लिए प्रत्येक अन्तर्राज्यीय मार्गों पर फेरों की संख्या यथास्थिति प्रत्येक राज्य में पड़ने वाले किलोमीटर, मार्ग छोरों की स्थिति एवं उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम व उत्तराखण्ड परिवहन निगम के विभाजन की तिथि में संचालन के आधार पर निर्धारित होगी। यदि किसी कारणवश अनुज्ञा पत्र हेतु प्रस्तुत आवेदन.पत्र का निस्तारण किया जाना सम्भव न हो और सम्बन्धित राज्य के लिए अनुलग्नक में निर्धारित कोटे के अन्तर्गत रिक्ति उपलब्ध हो तो गृह राज्य अधिनियम की धारा 87(1)(ग) के अधीन अधिकतम चार माह की अवधि के लिए अस्थायी अनुज्ञापत्र करारकर्ता राज्य को सूचित कर जारी कर सकेगा। ऐसे अनुज्ञा पत्रों पर करारकर्ता राज्य का प्रतिहस्ताक्षर अपेक्षित होगा।

(दो) यदि किसी कारण से अनुज्ञा-पत्र के, उसकी समाप्ति के पूर्व, नवीनीकरण के लिए किसी आवेदन-पत्र पर विनिश्चय करना सम्भव न हो तो करारकर्ता राज्य को सूचित करने के अधीन चार माह तक की अवधि के लिए, गृह राज्य मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-87(1)(घ) के अधीन अस्थायी अनुज्ञा-पत्र जारी कर सकता है और नीचे दिये गये परन्तुक के अध्यधीन ऐसे अस्थायी अनुज्ञा-पत्रों पर करारकर्ता राज्य का प्रतिहस्ताक्षर अपेक्षित होगा।

प्रतिबन्ध यह है कि अनुज्ञा.पत्रों के नवीनीकरण के लिए आवेदन-पत्र, मोटरयान अधिनिमय, 1988 की धारा-81(2) के अधीन नवीनीकरण आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के लिए अनुज्ञात समय के भीतर सम्बन्धित प्राधिकारी को प्रस्तुत कर दिया गया हो।

(तीन) नियमित/अस्थायी अनुज्ञा पत्र जारी होने की तिथि से 15 दिन के अन्दर परमिटधारक सम्बन्धित राज्य के समक्ष प्रतिहस्ताक्षर हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत करेगा अन्यथा स्वीकृत अनुज्ञा पत्र निरस्त किया जा सकेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

(चार) करारकर्ता राज्य की मंजिली गाड़ियों में सम्बन्धित राज्य परिवहन प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित लोगो व लीजेन्ड प्रदर्शित किया जायेगा।

(पांच) इस करार के प्रयोजन के लिए फेरा का तात्पर्य एक एकल फेरा से है। अनुलग्नक में उल्लिखित मार्गो का तात्पर्य उनमें उल्लिखित स्थानों से होते हुए दोनों राज्यों में पड़ने वाले दो छोरों को जोड़ने वाले सबसे कम दूरी के सीधे मार्ग से है और अनुलग्नक में प्रदर्शित मार्ग की लम्बाई में बाद में पायी गयी किसी विसंगति को व्यतिकारी राज्यों के परिवहन प्राधिकारियों के मध्य तत्परता से पत्र-व्यवहार के माध्यम से ठीक किया जाएगा और उसे करार के किसी उपान्तर के रूप में नहीं समझा जायेगा।

(छः) प्रारम्भिक समय सारिणी का निर्धारण अनुज्ञापत्र मंजूर करने वाले प्राधिकारी द्वारा बिल्कुल औपबन्धक आधार पर किया जायेगा जो अधिकतम चार मास की अवधि के लिए विधिमान्य होगा और सेवा का तत्काल प्रचालन करने के लिये ऐसा प्रतिहस्ताक्षर किया जायेगा। इस अवधि के दौरान प्रतिहस्ताक्षर करने वाला प्राधिकारी अनुज्ञापत्र मंजूरी करने वाले प्राधिकारी के परामर्श से समय-सारिणी को अन्तिम रूप देगा।

(सात) किराया, भाड़ा, कर और बस स्टाप/स्टेशन, संबंधित राज्य द्वारा समय-समय पर विहित उपबन्धों/व्यवस्था के अनुसार होगा। एक राज्य से जारी किये गये टिकटों का प्रारूप अन्य राज्य में विधिमान्य समझा जायेगा।

(आठ) प्रतिहस्ताक्षरकर्ता प्राधिकारी द्वारा सम्बन्धित राज्य में अवस्थित मार्गों के भागों पर यात्रियों को चढ़ाने और उतारने के लिए कोई प्रतिबन्ध अधिरोपित नहीं किया जायेगा।

(नौ) यथास्थिति करारकर्ता राज्य के सचिव/प्रमुख सचिव सभी विधिक अपेक्षाओं की पूर्ति कर लिखित रूप से आपसी सहमति पर, नये मार्गों के संचालन एवं विद्यमान मार्गों पर फेरों की संख्या में वृद्धि कर सकते हैं और उनके द्वारा किया गया यह कृत्य समझौते का अंश समझा जायेगा।

(दस) एक वाहन एक परमिट से आच्छादित होगा।

11. प्रतिहस्ताक्षर

एक राज्य द्वारा पारस्परिक परिवहन समझौते के अन्तर्गत जारी अनुज्ञा पत्र, सम्बन्धित राज्य के सचिव, संभागीय/राज्य परिवहन प्राधिकरण की संस्तुति के आधार पर संभागीय/राज्य परिवहन प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किये जाने पर सम्बन्धित राज्य की प्रतिहस्ताक्षर फीस व अन्य देय करों के भुगतान के अध्यधीन सामान्यतया तत्काल निस्तारित/प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा।

12. समय-समय पर होने वाले मेलों के लिए विशेष प्रबन्ध

मेलों यथा उत्तराखण्ड में हरिद्वार एवं उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद में कुम्भ व अर्द्ध कुम्भ मेलों व इसके अतिरिक्त पिरान कलियर, शाकुम्भरी देवी, गढ़ मेला व अन्य मेलों जिसमें करारकर्ता राज्यों के परिवहन आयुक्त सहमत हों, के दौरान भारी भीड़ व यातायात को नियंत्रित करने के लिए यह करार

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

पाया गया कि मंजिली गाड़ियों के अस्थायी परमिट जारी किये जायेंगे और ऐसे परमिट करारकर्ता राज्यों के प्राधिकारियों द्वारा उनके समक्ष प्रस्तुत करने पर सामान्यतया तत्काल प्रतिहस्ताक्षरित किये जायेंगें।

परन्तु यह कि यदि अस्थायी परमिट करारकर्ता राज्यों के राज्य परिवहन उपक्रमों को जारी किये जाते हैं तो ऐसे अस्थायी परमिट व फेरों के सम्बन्ध में राज्य परिवहन उपक्रम द्वारा समझौता किया जायेगा।

13. कारीडोर मार्ग

उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड, दोनों राज्यों की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुये कुछ मार्ग एक राज्य में प्रारम्भ और समाप्त होने वाले बिन्दुओं के बीच अन्य राज्य के राज्य क्षेत्र के किसी छोटे भाग में से होकर जाते हैं। अतएव राज्य के मोटरयानों की, जो ऐसे मार्गो पर चलाये जाने के लिए अनुज्ञात हैं, सम्पूर्ण यात्रा पूरी करने के लिए दूसरे राज्य की उस छोटी सी पट्टी से होकर जाना पड़ेगा ।

परन्तु यह कि व्यतिकारी यथा सम्भव कोरीडोर मार्ग निर्धारित करने में करारकर्ता राज्य के किलोमीटर को बरकरार रखेंगे।

मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 88 (1) के अधीन यह उपबन्धित है कि जहां किसी मार्ग के प्रारम्भ होने वाले बिन्दु और समाप्त होने वाले दोनों बिन्दु एक ही राज्य में स्थित हों किन्तु ऐसे मार्ग का भाग किसी दूसरे राज्य में पड़ता हो और ऐसे भाग की लम्बाई सोलह किलोमीटर से अधिक न हो, वहां अनुज्ञा पत्र मार्ग के उस भाग के सम्बन्ध में जो उस अन्य राज्य में है, अन्य राज्य में इस बात के होते हुए भी कि ऐसे अनुज्ञा पत्र पर उस दूसरे राज्य के राज्य परिवहन प्राधिकारी या प्रादेशिक परिवहन प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षर नहीं किया गया है, विधिमान्य होगा।

विधि के इस विशिष्ट उपबन्ध को ध्यान में रखते हुए मुक्त कारीडोर सुविधा का लाभ उठाने वाले ऐसे मंजिली गाड़ियों के अनुज्ञा पत्रों पर प्रतिहस्ताक्षर आवश्यक नहीं होगा किन्तु ऐसे अनुज्ञा पत्रों को मोटरयान कर के प्रयोजनों के लिए उन अनुज्ञा पत्रों के समान समझा जाएगा जिन्हें सम्यक रूप से प्रतिहस्ताक्षरित किया जाता है। ऐसे मार्ग समझौते में सम्मिलित माने जायेंगे। ऐसे मार्गों पर जारी परमिटों की सूचना व्यतिकारी राज्यों द्वारा आदान-प्रदान की जायेगी। यद्यपि जहां कोरीडोर की दूरी 16 किलोमीटर से अधिक हो वहां ऐसे अनुज्ञा पत्र इस करार के उपबन्धों के अनुसार प्रतिहस्ताक्षरित किये जायेगें।

14. सामान्य

(एक) सम्बन्धित करारकर्ता राज्य इस करार के अनुसार चल रहे यानों के सम्बन्ध में दोनों राज्यों के सम्बन्धित नियमों के अध्यधीन जारी टैक्स टोकन, चालक व कन्डक्टर लाइसेन्स, परिवहन यान अधिकार पत्र, बैज, स्वस्थता प्रमाण-पत्र आदि को मान्यता देंगे।

(दो) यदि कोई परमिटधारक किसी एक राज्य द्वारा जारी एवं दूसरे राज्य द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित अनुज्ञा पत्र के आधार पर संचालन कर रहा हो, दूसरे राज्य के कर की अदायगी करने में असफल रहता है और उसके बाद संचालन बन्द कर देता है तो ऐसे चूककर्ता से कर की वसूली में दोनों राज्य एक-दूसरे की सहायता करेंगे।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

(तीन) यह पारस्परिक करार सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रवृत्त होगा और उस समय तक विधिमान्य रहेगा, जब तक कि दोनों पक्षकारों के मध्य नया करार या उसका पुनर्विलोकन न हो जाय या दोनों में से किसी एक पक्ष द्वारा छः माह की सूचना देकर विद्यमान करार को विखण्डित न कर दिया जाये।

जिसके साक्ष्य में इसके पक्षकारों ने प्रथम ऊपर उल्लिखित दिनांक को इस करार पर निम्न साक्षियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर कर दिये हैं:-

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के लिए और उनकी ओर से	उत्तराखण्ड के राज्यपाल के लिए और उनकी ओर से
(आराधना शुक्ला) प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार	(शैलेश बगौली) सचिव, परिवहन विभाग, उत्तराखण्ड सरकार।
साक्षी	साक्षी
(डा0 ब्रह्म देव राम तिवारी), अपर प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, लखनऊ	(दीपक जैन), महाप्रबन्धक (संचालन), उत्तराखण्ड राज्य सड़क परिवहन निगम, देहरादून

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

अनुलग्नक-ए

उत्तराखण्ड परिवहन निगम के संचालन हेतु मार्गों का विवरण

क्रमांक	मार्ग का नाम	उत्तराखण्ड में दूरी	उत्तर प्रदेश में दूरी	निर्धारित ट्रूपि	निर्धारित परमिट	उत्तर प्रदेश में कि0मी0
1	टनकपुर-अमृतसर	289	150	2	2	300
2	टनकपुर-लुधियाना	289	150	4	4	600
3	टनकपुर-शिमला	289	150	2	3	300
4	टनकपुर-चण्डीगढ	279	150	4	4	600
5	टनकपुर-सहारनपुर	279	135	2	2	270
6	टनकपुर-हरिद्वार	226	112	8	8	896
7	टनकपुर-देहरादून	285	112	12	12	1344
8	टनकपुर-आगरा-मथुरा	37	361	2	2	722
9	टनकपुर-कानपुर	37	348	2	2	696
10	टनकपुर-लखनऊ	37	339	2	2	678
11	टनकपुर-बरेली	37	80	26	13	2080
12	टनकपुर-दिल्ली	110	230	26	20	5980
13	टनकपुर-जयपुर दिल्ली	110	230	1	1	230
14	टनकपुर-गुडगांव	110	230	2	2	460
15	टनकपुर-ग्वालियर	37	366	2	2	732
16	टनकपुर-मनाली	289	150	2	2	300
17	टनकपुर-फरीदाबाद	110	230	2	2	460
18	टनकपुर-दिल्ली-रेवाडी	110	230	2	2	460
19	टनकपुर-देहरादून-पौंटा	334	112	2	2	224
20	महेन्द्रनगर-टनकपुर-देहरादून	285	112	4	4	448
21	महेन्द्रनगर-टनकपुर-दिल्ली	110	230	4	4	920
22	टनकपुर-पानीपत	238	160	2	2	320
23	टनकपुर-दिल्ली-रेवाड़ी	110	230	2	2	460
24	टनकपुर-हिसार	110	230	2	2	460
25	टनकपुर-होशियारपुर	289	150	2	2	300
26	नानकमत्ता-अमृतसर	243	150	2	2	300
27	टनकपुर-धर्मशाला वाया सहारनपुर	289	150	2	2	300
28	लोहाघाट-दिल्ली	199	230	8	8	1840
29	डीडीहाट -दिल्ली	316	230	2	4	460
30	धारचूला-देहली	357	230	2	4	460
31	लोहाघाट- देहरादून	374	112	6	6	672
32	लोहाघाट- ऋषिकेश	345	112	2	2	224
33	लोहाघाट-बरेली	126	80	4	4	320
34	झूलाघाट-दिल्ली	297	230	2	3	460
35	पिथौरागढ़-दिल्ली	261	230	10	15	2300
36	थल-पिथौरागढ़-दिल्ली	323	230	2	3	460
37	पिथौरागढ़-गंगोलीहाट-दिल्ली	285	230	2	3	460
38	घारचूला-टनकपुर-दिल्ली	357	230	2	4	460

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

क्रमांक	मार्ग का नाम	उत्तराखण्ड में दूरी	उत्तर प्रदेश में दूरी	निर्धारित टूपि	निर्धारित परमिट	उत्तर प्रदेश में कि0मी0
39	मुन्स्यारी-दिल्ली	367	230	2	5	460
40	धारचूला-शेराघाट-दिल्ली	355	230	2	4	460
41	पिथौरागढ़-हल्द्वानी-दिल्ली	253	230	2	3	460
42	झूलाघाट-देहरादून	472	112	2	3	224
43	पिथौरागढ़-देहरादून	436	112	6	9	672
44	पिथौरागढ़-हरिद्वार	373	112	4	4	448
45	पिथौरागढ़-बदायूँ	188	132	2	2	264
46	पिथौरागढ़-बरेली	188	80	6	6	480
47	डीडीहाट-देहरादून	517	112	2	3	224
48	मुन्स्यारी -देहरादून	542	112	2	4	224
49	गनाई-रामनगर-दिल्ली	219	210	2	2	420
50	गनाई-हल्द्वानी-दिल्ली	186	230	2	2	460
51	रानीखेत-दिल्ली	132	230	4	4	920
52	रानीखेत-हल्द्वानी-दिल्ली	132	230	2	2	460
53	मासी-रामनगर-दिल्ली	219	210	2	2	420
54	गैरसैण-रामनगर-दिल्ली	291	210	2	3	420
55	रानीखेत-लखनऊ	130	328	2	2	656
56	गोलूछीना-बरेली	148	64	2	2	128
57	बिन्ता-बरेली	172	64	2	2	128
58	रानीखेत-रामनगर-देहरादून	250	112	2	2	224
59	रानीखेत-हल्द्वानी-देहरादून	307	112	2	2	224
60	अल्मोडा-दिल्ली	146	230	8	8	1840
61	अल्मोडा-दिल्ली-भद्रकाली	275	230	2	2	460
62	बागेश्वर-दिल्ली-गरूड	229	230	2	3	460
63	बागेश्वर-दिल्ली-पचार-धरमधर	289	230	2	3	460
64	बागेश्वर-बरेली	215	64	2	2	128
65	अल्मोडा-देहरादून	322	112	8	8	896
66	अल्मोडा-हरिद्वार	251	112	2	2	224
67	अल्मोडा-लखनऊ	144	328	2	2	656
68	अल्मोडा-चण्डीगढ	315	150	2	2	300
69	धारचूला-अल्मोडा-देहरादून	322	112	2	2	224
70	भवाली-नैनीताल-मंसूरी	315	112	2	2	224
71	भवाली-नैनीताल-बरेली	92	64	4	2	256
72	सुरईखेत-दिल्ली	187	230	2	2	460
73	भराडी-भवाली-दिल्ली	269	230	2	2	460
74	दड़ियाल-दिल्ली	87	230	2	2	460
75	भवाली-नैनीताल-देहरादून वाया रामनगर	266	112	4	4	448
76	भवाली-नैनीताल-दिल्ली	94	230	2	2	460
77	मंगोली-भवाली-दिल्ली	80	210	2	2	420

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

क्रमांक	मार्ग का नाम	उत्तराखण्ड में दूरी	उत्तर प्रदेश में दूरी	निर्धारित ट्रिप	निर्धारित परमिट	उत्तर प्रदेश में कि0मी0
78	भवाली-नैनीताल-सहारनपुर	263	135	2	2	270
79	भवाली-नैनीताल-आगरा	92	297	2	2	594
80	भवाली-नैनीताल-देहरादून वाया रूद्रपुर	269	112	2	2	224
81	रूद्रपुर-दिल्ली-हल्द्वानी	43	230	28	14	6440
82	रूद्रपुर-पटियाला-बनबसा	276	150	2	2	300
83	रूद्रपुर-लुधियाना-बनबसा	276	150	2	2	300
84	रूद्रपुर-हल्द्वानी-देहरादून	218	112	8	4	896
85	रूद्रपुर-हरिद्वार-हल्द्वानी	155	112	6	3	672
86	रूद्रपुर-कालागढ-हल्द्वानी	114	36	2	1	72
87	रूद्रपुर-बदायूँ	20	99	4	2	396
88	रूद्रपुर-शक्तिफार्म-दिल्ली	59	230	2	2	460
89	रूद्रपुर-हरिद्वार-रूद्रपुर	121	112	12	6	1344
90	रूद्रपुर-हल्द्वानी-चण्डीगढ. वाया सहारनपुर	212	150	2	2	300
91	रूद्रपुर-आगरा	20	297	2	2	594
92	रूद्रपुर-लखनऊ	20	328	2	2	656
93	रूद्रपुर-नानकमत्ता-दिल्ली	86	230	2	2	460
94	रूद्रपुर-बनबसा-दिल्ली	93	230	2	2	460
95	रूद्रपुर-खटीमा-दिल्ली	86	230	2	2	460
96	रूद्रपुर-देहरादून-टनकपुर	285	112	4	4	448
97	हल्द्वानी-दिल्ली	43	230	28	14	6440
98	हल्द्वानी-दिल्ली-शामली	43	319	2	2	638
99	हल्द्वानी-नैनीताल-दिल्ली	83	230	4	4	920
100	हल्द्वानी-धामपुर-दिल्ली	114	230	2	2	460
101	हल्द्वानी-गुडगॉव	43	230	2	2	460
102	हल्द्वानी-बल्लभगढ अपडाउन	43	230	2	2	460
103	हल्द्वानी-बरेली	41	64	10	5	640
104	हल्द्वानी-लखनऊ	41	328	2	2	656
105	हल्द्वानी-कानपुर	41	335	2	2	670
106	हल्द्वानी-मेरठ	43	193	2	1	386
107	हल्द्वानी-चण्डीगढ	212	150	6	6	900
108	हल्द्वानी-पठानकोट(जालन्धर)	222	150	2	2	300
109	हल्द्वानी-देहरादून	267	112	22	11	2464
110	हल्द्वानी-पोंटासाहिब	264	112	2	2	224
111	हल्द्वानी-मुजपफरनगर-शामली	114	201	2	2	402
112	हल्द्वानी-हरिद्वार	155	112	4	2	448
113	हल्द्वानी-कोटद्वार	115	112	2	1	224
114	हल्द्वानी- ऋषिकेश	189	112	2	1	224
115	हल्द्वानी-फरीदाबाद	43	230	4	2	920

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

क्रमांक	मार्ग का नाम	उत्तराखण्ड में दूरी	उत्तर प्रदेश में दूरी	निर्धारित टूपि	निर्धारित परमिट	उत्तर प्रदेश में कि0मी0
116	हल्द्वानी-देहरादून-पौंटा- चण्डीगढ	264	112	2	2	224
117	हल्द्वानी-रामनगर-हरिद्वार-सहारनपुर-शिमला	194	160	2	2	320
118	हल्द्वानी-फरीदाबाद	43	230	2	2	460
119	हल्द्वानी-दिल्ली-सिरसा	43	230	2	2	460
120	हल्द्वानी-कुरूक्षेत्र	194	160	2	2	320
121	हल्द्वानी-भिवानी	194	160	2	2	320
122	हल्द्वानी-कालागढ	114	36	4	2	144
123	बाजपुर-काशीपुर-चण्डीगढ	173	150	2	2	300
124	काशीपुर-आगरा-रामनगर	40	295	2	2	590
125	काशीपुर-रामपुर-रूद्रपुर	39	99	2	1	198
126	काशीपुर-हरिद्वार	63	112	8	4	896
127	काशीपुर-रामनगर-दिल्ली	40	210	18	9	3780
128	काशीपुर-मेरठ	12	171	2	1	342
129	काशीपुर-लखनऊ	76	328	2	2	656
130	काशीपुर-रामनगर-जयपुर	40	210	2	2	420
131	काशीपुर-देहरादून	126	112	8	4	896
132	काशीपुर-हरिद्वार-रूद्रपुर	119	112	14	7	1568
133	काशीपुर-भोगपुर-रूद्रपुर	80	51	2	1	102
134	काशीपुर-बाजपुर-देहरादून	155	112	2	1	224
135	बाजपुर-काशीपुर-देहरादून-पौंटा	204	112	2	2	224
136	काशीपुर-कालागढ-दिल्ली	27	194	4	2	776
137	काशीपुर-सिरसा	12	210	2	2	420
138	रामनगर-बरेली	104	64	2	1	128
139	रामनगर-देहरादून	154	112	4	2	448
140	रामनगर-चण्डीगढ	148	150	2	2	300
141	देघाट-दिल्ली	168	210	2	3	420
142	जौरासी-दिल्ली	191	210	2	3	420
143	केरला-दिल्ली	133	210	2	2	420
144	रामनगर-दिल्ली	40	210	14	7	2940
145	सराईखेत-दिल्ली	145	210	2	2	420
146	देघाट-देहरादून	282	112	2	3	224
147	रामनगर-कोटद्वार	155	112	2	1	224
148	बैजरो-दिल्ली	161	210	2	3	420
149	रामनगर-हरिद्वार	91	112	6	3	672
150	रामनगर-फरीदाबाद	40	210	2	1	420
151	रामनगर-गुडगांव	40	210	2	1	420
152	काठगोदाम-नैनीताल-देहरादून	258	112	4	4	448
